Jagran

नियोजन मेला में मिली 337 को नौकरी

पटना। प्रमंडल स्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेले में सोमवार को 337 अभ्यर्थियों को को रोजगार मिला। 3522 अभ्यर्थियों ने बायोडाटा विभिन्न कंपनियों में जमा कराए थे। इसमें 2783 आवेदकों को शार्ट लिस्ट किया गया था। 402 के आवेदन खारिज कर दिए गए थे। नवनिर्मित नियोजन भवन में आयोजित मेले का उद्घाटन नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशक संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि मेले में 35 कंपनियां पहुंची हैं।

बेहतर सैलरी नहीं देने वाली कंपनियों की कमी खली। कई बीमा कंपनियां अभिकर्ताओं की नियुक्ति लेकर आई थी। कई कंपनियां समान डिलेवरी करने की नौकरी लेकर आई। छह हजार से दस हजार तक की नौकरी ही ज्यादा थी। सिक्यूरिटी कंपनी में गार्ड से लेकर एमबीए पास छात्रों की नौकरी मिली। एटीएम ऑपरेटर को 7500 महीने पर रखा गया। कम सैलरी के कारण अभ्यर्थियों में नाराजगी दिखी। कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री के लिए छात्र चयनित हुए। इसमें यशसरी कंपनी, एलएचआरएस, नव भारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, ऊषा मार्टिन आदि कंपनियों के स्टॉल थे।

मौके पर उप निदेशक सुनील कुमार वर्मा और अच्छे लाल कुमार उपस्थित थे। नियोजन पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने पदाधिकारियों और अभ्यर्थियों का स्वागत किया।
पोर्टल पर जमा करें बायोडाटा

रोजगार के इच्छुक युवक नेशनल कोर सर्विस के पोर्टल पर अपना बायोडाटा डाल दें। नियोजन कंपनियां इसी के आधार पर कॉल करेगी। केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर इस पोर्टल को बढ़ावा दे रही है। इस पर नियोजक एवं आवेदक दोनों निबंधित होंगे। इसका लाभ बिहार के छात्र उठाएं।